Hindi Version

व्यावहारिक शिक्षा चीनी भाषा (चीनी भाषा न बोलने वाले विद्यार्थियों के लिए)

व्यावहारिक शिक्षा विभाग
पाठ्यक्रम विकास संस्थान
शिक्षा ब्यूरो

www.edb.gov.hk/apl

लक्ष्य

व्यावहारिक शिक्षा चीनी भाषा (चीनी भाषा न बोलने वाले विद्यार्थियों के लिए) (ApL(C)) इसलिए आरम्भ किया गया है, कि केवल चीनी भाषा न बोलने वाले (NCS) ऐसे विद्याथी, जोकि निर्दिष्ट परिस्थितिओं* को पूरा करते हों, वे अपनी आगे की शिक्षा और उनकी नियोजनीयता को बढ़ाने के लिए चीनी भाषा की वैकल्पिक अर्हता कर सकें।

* निर्दिष्ट परिस्थितियाँ हैं

- विद्यार्थियों ने प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा प्राप्ते करते समय छः वर्ष से कम समय तक चीनी भाषा सीखी है; अथवा
- विद्यार्थियों ने स्कूलों में छः वर्ष या अधिक समय तक चीनी भाषा सीखी है, परंतु उन्हें एक अनुकूशलत और अधिक सरल पाठ्यक्रम सिखाया गया है, जो कि सामान्यतः स्थानीय स्कूलों में अधिकतर विद्यार्थियों पर लागू नहीं होता है।

विशेषताएं

ApL(C) को दूसरी भाषा के शिक्षार्थियों के परिप्रेक्षय से बनाया गया है, और य विद्याथियिों को विभिन्न गतिविधियों (उदाहरण के लिए प्रथम चरण के दौरान भाषा ज्ञान प्राप्त करने के लिए संदर्भ के रूप में "सेवाएं" क्षेत्र का इस्तेमाल करते हुए रोजाना की बातचीत, भूमिका निभाना, समूह चर्चा, मुलाकात और व्यावहारिक पठन और लेखन) के माध्यम से चीनी भाषा सीखने के लिए एक कृत्रिम व्यावहारिक शिक्षण संदर्भ प्रदान करता है।

विषय-वस्तु

ApL(C) की विषय-वसतु निम्नानुसार है:

मौखिक संचार (केन्टोनीज़)

- हांगकांग में प्रयोग किए जाने वाले केन्टोनीज़ स्वरों तथा उच्चारण, शब्दावली तथा व्याकरण को पहचानना, साधारण बोलचाल की वाक्य-रीति और सामान्य वाक्याश को समझना; और मौखिक संचार और सामाजिक कौशल विकसित करना, जिसमें कार्यस्थल पर रोजाना के कार्यों (उदाहरण के लिए प्रश्नों का उत्तर देना, परिचय और विवरण देना, छोटा प्रेजेन्टेशन देना या साक्षात्कार करना) के लिए विभिन्न अर्थ और भावनाओं की अभिव्यक्ति के लिए विभिन्न लहजे, चेहरे के भाव और शरीर की भंगिमाओं का उपयोग शामिल है।

वाचन

- व्यावहारिक पाठों में सामान्य रूप से उपयोग किए जानेवाले शब्दों और वाक्य-रीतियों को पहचानना; दैनिक जीवन में सामान्य रूप से सामने आनेवाले और कार्य परिवेश में मिलने वाले व्यावहारिक पाठों, उदाहरण के लिए सर्कुलर, ई-मेल और कार्य योजनाएं, में से जानकारी पढ़ना; संदर्भ के अनुसार महत्वपूर्ण संदेशों को समझना और उनका अर्थघटन करना; और पढ़ते में सुविधा हो उसके लिए शब्दकोश जैसे साधनों का प्रयोग करना।

लेखन

- व्यावहारिक पाठों में सामान्य रूप से उपयोग किए जानेवाले शब्दों और वाक्य-रीतियो को पहचानना; व्यावहारिक पाठ जैसे संदश, ई-मेल, रिकॉर्ड और पत्र लिखना; और लिखने के कार्यों को पूरा करने के लिए साधनों और संदर्भ सामग्री का उपयोग करना।

उच्चारण

- ## उच्च अध्ययन के लिए

  विश्वविद्यालय अनुदान समिति द्वारा निधियन किए गए संस्थान और अधिकतर उच्चतर माध्यमिक संस्थान NCS विद्यार्थियों के प्रवश के लिए “प्राप्त” के साथ ApL(C) को चीनी भाषा की एक वैकल्पिक अर्हता के न्यूनतम आवश्यक ग्रेड के रूप में स्वीकार करते हैं।

- ## काम के लिए

  सिविल सेवा ब्यूरो संबंधित सिविल सेवा के पदों के लिए चीनी भाषा में प्रवीणता की आवश्यकताओं को पूर्ण करने के रूप में ApL(C) में “प्राप्त” और “सम्मान के साथ प्राप्त” को स्वीकार करता है।

दाखिला

- ApL(C) को चरणों में 2014/15 में शुरू हुए शैक्षिक वर्ष से लागू किया गया है।
- विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के लिए फीस चुकाने की आवश्यकता नहीं है। शिक्षा ब्यूरो स्कूलों को ApL(C) पाठ्यक्रम की फीस चुकाने के लिए पूरी तरह से सब्सिड़ी देगा।
- ApL(C) के लिए आवेदन स्कूल के माध्यम से **ही** किया जाना चाहिए।
- स्कूलों को विद्यार्थियों को उनकी भाषा संबंधी क्षमता, रूचि और आकांक्षाओं के अनुसार ApL(C) के लिए आवेदन करने में सहायता करनी चाहिए।
- पाठ्यक्रम प्रदाताओं को विद्यार्थियों के लिए प्रवश प्रक्रिया की व्यवस्था करनी होगी।.

पाठ के लिए समय व्यवस्था

मॉड्यूल	पाठ का समय (कुल 270 घंटे)		
	ApL(C) I (QF# लेवल 1)	ApL(C) II (QF# लेवल 2)	ApL(C) III (QF# लेवल 3)
मौखिक संचार (केन्टोनीज़)	18 घंटे	18 घंटे	40 घंटे
वाचन	27 घंटे	27 घंटे	55 घंटे
लेखन	20 घंटे	20 घंटे	45 घंटे
पूर्ण योग	**65 घंटे**	**65 घंटे**	**140 घंटे**

अर्हता ढाँचा

मान्यता

- **हांगकांग डिप्लोमा ऑफ सेकेन्डरी एजुकेशन (HKDSE) अर्हता**

  ApL(C) के परिणाम HKDSE में “प्राप्त”और “सम्मान के साथ प्राप्त” के रूप में रिपोर्ट किए जाते हैं।

- **प्रमाणन ढाँचा (QF)**

  HKDSE की योग्यता के अतिरिक्त, ApL(C) QF लेवल 1-3 में भी है। विद्यार्थियों को ApL(C) के विभिन्न लेवल्स की मूल्यांकन एवं उपस्थिति संबधी आवश्यकताओं को पूरा करने पर पाठ्यक्रम प्रदाता द्वारा QF प्रमाणपत्र प्राप्त होंगे।

लेवल / मॉड्यूल्स	ApL(C) I (QF लेवल 1)	ApL(C) II (QF लेवल 2)	ApL(C) III (QF लेवल 3)
मौखिक संचार (कन्टोनीजं)	प्रमाणपत्र	प्रमाणपत्र	प्रमाणपत्र
वाचन	प्रमाणपत्र	प्रमाणपत्र	प्रमाणपत्र
लेखन	प्रमाणपत्र	प्रमाणपत्र	प्रमाणपत्र
	QF लेवल 1 प्रमाणपत्र	QF लेवल 2 प्रमाणपत्र	

1) QF लेवल 3 प्रमाणपत्र

2) HKDSE (प्राप्त किया/विशिष्टता के साथ प्राप्त किया)